ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 18-01-2022

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-01-18 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-01-19	2022-01-20	2022-01-21	2022-01-22	2022-01-23
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	5.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	23.0	23.0	23.0	20.0	22.0
न्यूनतम तापमान(से.)	11.0	12.0	12.0	13.0	11.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	36	39	47	77	82
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	17	18	24	35	46
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	6.0	10.0	20.0	17.0
पवन दिशा (डिग्री)	127	205	115	237	341
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	2	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

22 जनवरी को कहीं कहीं पर हल्की वर्षा की सम्भावना है। आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 20.0 से 23.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 11.0 से 13.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई खेत मे चूहा नियंत्रण के लिए एक भाग जिंक फास्फाइड को 47 भाग आटा और दो भाग मूंगफली के तेल में मिलाकर विषैला चुग्गा बनाकर बिलों के पास रखें।

लघु संदेश सलाहकार:

22 जनवरी को वर्षा की सम्भावना को देखते हुए फसलों में पौध रसायनों का छिडकाव ना करें ।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	किसान भाई गेहूं की फसल में गांठ बनते समय सिंचाई करें। फसल में दीमक की रोकथाम के लिए क्लोरोपायरीफास 20 ई.सी. चार लीटर प्रति हैक्टेयर की दर से सिंचाई के साथ दें।
जौ	जौ की फसल में दीमक की रोकथाम के लिए क्लोरोपायरीफास 20 ई.सी. चार लीटर प्रति हैक्टेयर की दर से सिंचाई के साथ दें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
जीरा	जीरा की फसल में एफिड के नियंत्रण हेतु डाइमिथोएट 30 ईसी. एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से या ऐसीफेट 75 एस.पी. 750 ग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।
लहसुन	लहसुन की फसल में तुलासिता रोग (डाउनी मिल्ड्यू) का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु फसल पर जाईनेब या मैन्कोजेब 2 ग्राम का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
	ईसबगोल की फसल को तुलासिता (डाउनी मिल्ड्यू) रोग से बचाने के लिए मैन्कोजेब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
टमाटर	टमाटर की ग्रीष्मकालीन फसल के लिए नर्सरी तैयार करें। पूसा-120, अर्का विकास, सोनाली, पूसा हाइब्रिड-1 व पंत बहार उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई से पूर्व 2 ग्राम केप्टान से प्रति किलो बीज को उपचारित करें। 400-500 ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए उपयुक्त है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पालतू जानवरों को सीधी वर्षा से बचाव के समुचित उपाय करें एवं वर्षा के दौरान उन्हें खुले में ना रखें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	राजगीरा/रामदाना (चैलाई) की फसल में 15-20 दिन के अन्तराल पर सिंचाई करें।